हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार, 29 दिसंबर 2024

13 हमें मित्रता की सीख देती है श्रीकृष्ण और सुदामा की...

14 उचित व्यवस्था के तहत जारी रहे धान खरीद व परिवहन...




।। बाबा ऊँ श्री शिव ।।
नवकार ज्वेलर्स
सच्चा सौदा ईमानदारी का
राजिम नवापारा, रायपुर
सावधान सावधान
चाइना गोल्ड से सावधान
नवकार ज्वेलर्स राजिम में अब जापानी तकनीक से युक्त सोने की शुद्धता जांचने की मशीन
जापानी तकनीक से यूक्त मशीन
सोने की शूद्धता एवं कैरट की जांच
नि:शुल्क सोने की शूद्धता जांच
चाइना गोल्ड से बचने का उपाय
नवकार ज्वेलर्स राजिम में मशीन द्वारा अपने सोने की शुद्धता की जांच करवाएं तथा यह सुनिश्चित करें की आपका सोना असली है या चाइना

अधिकृत विक्रेता : श्री बजरंग इलेक्ट्रिकल्स
कम वोल्टेज में ज्यादा पानी देने वाला ग्रीन वेल सबमर्सिबल पंप
बस स्टैण्ड, नवापारा, मो. 98278-87946, 93400-18107
V4,V5,V6 एवं 50 फीट हेड वाला सबमर्सिबल पंप
ग्रीन वेल सबमर्सिबल पंप



## खबर संक्षेप

### रबी फसल की तैयारी में जुटे किसान



**मैनपुर।** खरीफ फसल की धान कटाई के बाद क्षेत्र में जिन किसानो के पास ट्यूबवेल व सिंचाई की सुविधा है ऐसे किसान धान के साथ मक्का, गेंहू, फल्ली व दलहन तिलहन की फसल की तैयारी में जूट गए हैं। इन दिनों किसान खेतों की साफ -सफाई कर ट्रैक्टर के माध्यम से खेतों को समतलीकरण कर रहे हैं और खेतों की जुताई भी कर रहे हैं ताकि जल्द से जल्द खेतों में रबी फसल लगाए जा सके।

### छुरा में रक्तदान शिविर आज

**छुरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सेवार्थ विद्यार्थी आयाम जिसे स्टूडेंट फॉर सेवा कहा जाता है। उनके द्वारा लगातार प्रत्येक क्षेत्रों में अनेक प्रकार के सेवा कार्य किए जाते है, जिनके छत्तीसगढ़ प्रांत के छुरा इकाई द्वारा समस्त नगरवासी के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन रक्तदान महादान की भावना के साथ नगर के हृदयस्थल शीतला मंदिर प्रांगण में दिनांक 29 दिसंबर को किया जाएगा। जिसका प्रमुख उद्देश्य जन जन को रक्तदान हेतु जागरूक करना तथा जरूरतमंद को उचित समय में रक्त की उपलब्धता करना है छुरा नगर में सेवार्थ विद्यार्थी के प्रदेश सह संयोजक भिषेक पांडेय, राहुल सिन्हा, निखिल कोठारी, यामिनी सिन्हा तथा अन्य नगरवासियों के द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है तथा नगरवासियों से आग्रह किया जा रहा है अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान महादान में भाग लेकर किसी के प्राण बचाने का पुण्य प्राप्त करें, रक्तदाता को प्रमाण पत्र तथा उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा।

### बालाजी आर्ट्स की रोमांचकारी झांकी नवापारा में आज निकलेगी

**नवापारा-राजिम।** 29 व 30 दिसंबर सोमवार की शाम 7 बजे कानपुर उत्तरप्रदेश के उत्कर्ष बालाजी आर्ट की रोमांचित कर देने वाली झांकी शहर में निकलेगी जो देखने लायक होगी। यह जानकारी देते हुए श्री सालासार सुंदरकाण्ड एवं हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति के संस्थापक राजू काबरा ने बताया कि आज से चार दिवसीय कार्यक्रम होने जा रहा है जिसमें झांकी के अलावा आज सुबह 10 बजे बुजुर्गो का सम्मान समारोह, 31 को निर्धन परिवार की 11 बेटियों का सामुहिक आदर्श विवाह एवं नए साल में 1 जनवरी को विशाल हनुमान चालीसा महापाठ का आयोजन दोपहर 2 बजे आयोजित होगा। सारे कार्यक्रम शहर के सुप्रसिद्ध राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में होगा।

**कार्रवाई : आरोपियों से 13 किग्रा पेंगोलिन स्केल और दो बाइक बरामद**

# पेंगोलिन और बाघ के अंगों की तस्करी के चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर

उदंती-सीतानदी टाइगर रिज़र्व की एन्टी-पोचिंग टीम और पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमंडल के संयुक्त प्रयास से महाराष्ट्र बॉर्डर-पखांजूर क्षेत्र में पेंगोलिन और बाघ के अंगों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। यह ऑपरेशन गढ़चिरौली-इन्द्रावती-उदंती-सूनाबेड़ा टाइगर और वन्यप्राणी कॉरिडोर के अंतर्गत हुआ। 26 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे, पखांजूर स्थित ग्राम पीवी 31 के मुख्य मार्ग पर चार संदिग्ध तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 13.162 किलोग्राम पेंगोलिन शल्क (स्केल) और दो मोटरसाइकिलें जब्त की गईं। गिरफ्तार किए गए। जिसमें आरोपी सुरेश जामेठे (52 वर्ष), निवासी ग्राम रामनगर,गढ़चिरौली, महाराष्ट्र, विजय मंडावी (37 वर्ष), निवासी ग्राम पीवी 125, पखांजूर, राधाकृष्ण सरकार (48 वर्ष), निवासी ग्राम खैराजोर, गढ़चिरौली, महाराष्ट्र, अनिल रिसोरकर (58 वर्ष), निवासी ग्राम सोरंगगांव, महाराष्ट्र। चारों



आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 9, 51, और 52 के तहत मामला दर्ज किया गया। उन्हें 27 दिसंबर 2024 को माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

**संयुक्त टीम का योगदान**

इस अभियान में उदंती-सीतानदी टाइगर रिज़र्व की एन्टी-पोचिंग टीम, पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमंडल के अधिकारियों और गरियाबंद पुलिस के साइबर सेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम का नेतृत्व उदंती-सीतानदी टाइगर रिज़र्व के उप संचालक मनोज कुमार तिवारी और पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमंडल के सहायक वन संरक्षक गोपाल कश्यप ने किया। अभियान में विभिन्न वन अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे, जिनमें परिक्षेत्र अधिकारी शैलेश बघेल, प्रभारी वनपाल चंद्रबली ध्रुव, और कई अन्य वनरक्षक शामिल थे।

**तस्करी रोकने का संकल्प**

यह कार्रवाई वन्यजीव संरक्षण और तस्करी पर रोकथाम के प्रयासों में एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। उदंती-सीतानदी टाइगर रिज़र्व और आसपास के वन क्षेत्र में इस तरह की सतर्कता भविष्य में भी जारी रहेगी।

# पेड़ के नीचे में युवक की मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

खिसोरा गांव में 23 साल के नवजवान युवक सनत कुमार उर्फ संजू विश्वकर्मा पिता यशपाल विश्वकर्मा की लाश गांव से दूर बबुल पेड़ के नीचे मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। बताया गया है कि ये युवक हाइवा चालक था। मामला बड़ी करेली पुलिस चौकी के अंतर्गत है। सूचना पाकर पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। लाश का पंचनामा किया और चीर घर के लिए रवाना किया। जानकारी के मुताबिक 27 दिसम्बर को खिसोरा का मड़ई था। वह घर आया हुआ था। परिजनों ने बताया कि युवक सनत रात्रि में 9.30 बजे घर से निकलकर गया तो वह वापस ही नही लौटा। सुबह युवक का शव घर से एक किलोमीटर दूर कोपरा मार्ग पर खेल मैदान के पास बबूल पेड़ के नीचे मिला। यह खबर गांव में जंगल की आग की तरह फैल गई। मौके पर सरपंच गिरेश साहू , उपसरपंच राम किशुन निषाद आदि पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कुरूद एसडीओपी रागिनी मिश्रा, करेली बड़ी चौकी प्रभारी एसआई अजय सिंह, मगरलोड टीआई राजेश जगत, एएसआई तुलसी मिथलेश, धनीराम नेताम ,आरक्षक



विश्वजीत वर्मा, नवीन ठंडन, बलराम सिन्हा मौके पर पहुंचे। शव एवं घटना स्थल का निरीक्षण किया। घटना स्थल में शव के पास युवक का काला बैंग व पल्सर बाइक रखा हुआ था बाइक में चाबी भी लगा हुआ था। प्रथम दृष्टया युवक की हत्या होने का अंदेशा जताया जा रहा है। चौकी प्रभारी एसआई अजय सिंह ने बताया कि युवक के चेहरे, नाक, मुंह, आंख में चोट का निशान है। कपड़े से गला घोंटने जैसे दिख रहा है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि युवक की हत्या रात्रि 10 से 12 बजे के बीच हुआ होगा। बहरहाल इस मामले को लेकर पुलिस बहुत ही गंभीर है। बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है।

# छिन्दौला मार्ग में जानलेवा गड्ढे दे रहे हैं दुर्घटना को आमंत्रण

**मैनपुर।** मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे मार्ग दबनई, फरसरा, छिन्दौला तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पक्की सड़क का निर्माण कार्य कुछ वर्ष पहले किया गया था लेकिन इस सड़क में छिन्दौला के नजदीक बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हो गए हैं जिसमें आए दिनों मोटर सायकल एवं वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं और तो और इस मार्ग में सायकल चलाने वाले लोगों को भी जर्जर सड़क वाले स्थान में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया की लंबे संघर्ष और मांग के बाद इस सड़क का निर्माण किया गया था लेकिन सड़क समय से पहले ही कई स्थानों पर




जर्जर हो गया जिसका तत्काल मरम्मत किया जाना आवश्यक हो गया है क्योंकि इस मार्ग में भी दो पुलिस कैंप है और हमेशा ग्रामीणों का आना- जाना लगा रहता है। ग्रामीणों ने बताया सड़क के किनारे घास- फूस, खरपतवार, झाड़ झरोखे हो गए हैं जो दस मीटर दूरी में आने- जाने वाले लोगों को दिखाई नहीं देता।

# नाली की खुदाई कर 6 महीने से अधूरा छोड़ा, ग्रामीण हो रहे दुर्घटना के शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

ग्राम कुरूद में ठेकेदार की भारी लापरवाही खुले आम देखने को मिल रहा है जो एक साल से अधुरा पड़ा है। नाली की खुदाई कर अधूरा छोड़ दिया है। बस स्टैंड की जगह होने और जतमाई, घटारानी जाने का मुख्य मार्ग होने के कारण इस जगह पर रोड राहगीरों का आना जाना लगा रहता है। इस जगह मोड़ भी है यहां के व्यापारी और ग्रामीणों ने बताया की कुरुद के ग्रामीणों को पानी निकासी की भारी समस्या होती और पानी घरों में घुस जाता है। वहीं गांव के लोगों ने रास्ता को चक्का जाम कर अधिकारियों को बुलाकर नाली की




खुदाई कराकर बनाने के लिए कहा था जिसके बाद से खुदाई कर लगभग 6 माह से नाली अधूरा पड़ा जिसमें रात होने पर रास्ता ठीक से दिखाई नहीं देता और ग्रामीण दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं।

कुरुद के किसान लीलाराम साहू,डामुन साहू, रामचन्द्र साहू,कन्हैया लाल, दिनेश लाल, भोजराम दीपक कुमार, ललेश कुमार, हुकुमचंद डोमार साहू आदि ग्रामीणों ने बताया कि रात के अंधेरे में आने -जाने वाले राहगीर गिरकर घायल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा की इसे जल्द निर्माण नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। किशलय चक्रधारी, रेसी डेंट इंजीनियर आई सीटी युकसेल जेव्ही प्रालि ने बताया की जितना डेम अप्रूवल हुआ है उतना हम करेंगे आपकी चिंता सही है। हमने आगे चिट्ठी, लेटर ईशु किया है अभी में छुट्टी में हूं मंडे को आऊंगा। परियोजना प्रबंधक एम. जियाउर रहमान ने बताया की हमारी तरफ से थोड़ा ढीले हो गया था हमारी टीम चली गयी थी 2-4 दिन में करवा देंगे।

**कथा सुनने अंचल सहित दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचे**

# राजपाठ चलाओ लेकिन अनुशासन मे रहकर : पं. सुरेन्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर के फुलवारी चौक में सरस शर्मा एवं पंकज अंकिता शर्मा द्वारा अपने पूर्वजों के के स्मृति में 23 दिसंबर से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में कथा सुनने श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है।

28 दिसंबर के कथा मे भगवताचार्य वृंदावन वाले सुरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि जब इंद्र ने कुपित होकर बारिश की तो गोकुल निवासियों की रक्षा भगवान कृष्ण ने गोवर्धप पर्वत उठाकर की। गोकुल वालों ने कहा कि इतना बड़ा पर्वत आप बहुत देर तक उठाये हो आपकी अंगुली मे दर्द हो रहा होगा तो आप




उंगली हटा लो हम लोग अपने अपने मजबूत लाटी से गोवर्धन पर्वत को उठा लेंगे।गोकुल वासियों की बात पर भगवान मुस्कुराये और थोड़ा सा उंगली की पकड़ ढीली की तो सभी लकड़ी टूट गई और सभी चिल्लाने लगे कन्हैया सम्हालों अभी तो हमारा डंडा टूटा है कुछ देर बाद कंधा टूट जायेगा।भगवान मुस्कुराये और गोधर्वन पर्वत थाम कर गोकुल वासियों की रक्षा की।वहीं पर इस कृत्य के लिए ब्रहमा से उन्होंने बात ही नहीं की वहीं पर ईद्र को क्षमा कर दिया क्योकि इंद्र ने गलत तो किया था लेकिन उनके माध्यम से लोगो की रक्षा के लिए स्वयं भगवान के पास आये।अर्थात इंद्र ने भगवान की महिमा बढाया था।कृष्ण ने इंद्र से कहा कि राजपाठ चलाओ लेकिन अनुशासन में रहकर चलाओं। जो व्यक्ति अनुशासन में नहीं रहता वह दूसरों को अनुशासन में नहीं रख सकता। अनुशासन से ही देश महान बनता है।

### सुदामा चरित्र की कथा आज

इसी प्रकार उन्होंने कथा मे कंस वध एवं रूखमनी विवाह की कथा की शानदार प्रस्तुती दी। कथा सुनने अंचल सहित दूर- दूर से श्रद्धालुओं का आने का क्रम लगा रहा। 29 को सुदामा चरित्र एवं 20 दिसंबर को पूर्णाहूति गीता पाठ का आयोजन होगा। कार्यक्रम में सरस शर्मा, पंकज अंकिता शर्मा, हरिशंकर कमला शुक्ला, उशा शुक्ला, तरूण रिश्म तिवारी, आशीष शालिनी तिवारी, बिजेन्द्र श्वेता, वेद सुमन, शैलेश शिक्षा, वैभव, शोभा के अलावा समस्त शर्मा परिवार का भरपूर योगदान सराहनीय है।

### हथौड़ाडीही में वाटर एटीएम 1 वर्ष से बंद



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 35 किलो मीटर दूर ग्राम हथौड़ाडीह ग्राम पंचायत ओढ़ में पिछले एक वर्ष से वाटर एटीएम पूरी तरह से बंद हो गया है ग्रामीणों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस वाटर एटीएम को लाखों रूपये खर्च कर लगाया गया था ग्रामीणों के द्वारा कई बार सुधार की मांग के बवजूद अब तक इसका मरम्मत नहीं किया गया है जिसके कारण इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन की कार्यशाला का समापन

**रायपुर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ के अधिकारियों-सहायक औषधि नियंत्रक और औषधि निरीक्षक एवं वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी और खाद्य सुरक्षा अधिकारी की दो दिवसीय कार्यशाला का समापन शुक्रवार को हुआ। द्वितीय दिवस में प्रशिक्षण का आरंभ ओमप्रकाश सदवानी सेवानिवृत संयुक्त औषधि नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन महाराष्ट्र के व्याखान पर प्रारंभ हुआ, जिसमें उनके द्वारा ड्रग एण्ड मैजिक रेमेडिस आब्जेक्टिनेबल एडवरटाइसमेंट एक्ट, 1954 के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की। द्वितीय पाली में राजेन्द्र हरना रिटायर्ड राज्य औषधि नियंत्रक हरियाणा द्वारा भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के संदर्भ में विभिन्न महत्वपूर्ण संशोधनों के साथ विस्तृत जानकारी दी गई। उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता सुशांत महापात्रा द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023 के प्रावधानों के अनुसार प्रकरणों की विधिसम्मत विवेचनाओं के बारे जानकारी साझा की गयी।

### पटवारी आरआई का यात्रा भत्ता बढ़ा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने राजस्व निरीक्षक (आईआई) पटवारी समेत समकक्ष कर्मियों के यात्रा भत्ता में वृद्धि की है। जिन कर्मियों को 350 रुपए भत्ता दिया जा रहा, उन्हें अभ 1200 रुपए महीना मिलेगा और जिन कर्मियों को 300 रुपए भत्ता दिया जा रहा है, उन्हें अब 1000 रुपए यात्रा भत्ता दिया जाएगा। वित्त विभाग के आदेश के मुताबित राजस्व निरीक्षक, विक्रय अमीन, ग्राम सेवक, सहायक विस्तार अधिकारी, पशु चिकित्सा क्षेत्र सहायक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के हैंड पंप तकनीशियन को 350 की जगह 1200 रुपए यात्रा भत्ता की पात्रता होगी। इसी तरह जिला एवं तहसीलों के राजस्व विभाग के भृत्य एवं जमादार, वन राजस्व विभाग के चेनमेन, न्यायिक एवं वाणिज्यिक कर विभाग के प्रोसेस सर्वर तथा ग्रामीण क्षेत्र में काम करने वाले पटवारियों को 300 की जगह 1000 रुपए यात्रा भत्ता मिलेगा।

### रेडक्रास सोसायटी के 5 सदस्यों का चुनाव 7 को

**रायपुर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायपुर में प्रबंध समिति गठन के लिए शेष 5 सदस्यों का चयन चुनाव के माध्यम से किया जाएगा। इस संबंध में एक साधारण सभा की बैठक 7 जनवरी को सुबह 11 बजे रेडक्रॉस सभाकक्ष कलेक्टर परिसर रायपुर रखी गई है। इस बैठक में 7 दिसंबर को प्रकाशित सूची में शामिल संरक्षक, उपसंरक्षक एवं आजीवन सदस्यों को उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

### पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के नवीनीकरण 31 तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों में जिनका पंजीकरण एक वर्ष या उससे अधिक समय हो चुका है और जिन्होंने अब तक पंजीकरण नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया है।

# खुला दो साल से बंद गायनी वार्ड का ताला, मरीजों को मिलेगी 10 बेड की अतिरिक्त सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोरोनाकाल में संक्रमित गर्भवती महिलाओं को भर्ती करने के लिए उपयोग किए जाने वाले गायनी वार्ड का ताला दो साल बाद खुल गया है। नए साल में यहां आने वाले मरीजों को 10 बेड की सुविधा मिलेगी। वर्तमान में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के चार वार्ड में करीब 120 बेड मौजूद हैं, जो जरूरत के वक्त कई बार कम पड़ जाते हैं।

आंबेडकर अस्पताल में संचालित स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में सबसे ज्यादा मरीज आते हैं। ओपीडी के साथ यहां प्रसव के लिए भी बड़ी संख्या में मरीज भर्ती होते हैं। विभाग में वैसे तो चार वार्ड हैं, जहां 120 की क्षमता में मरीजों के लिए बिस्तर मौजूद होते हैं, मगर कई बार इनकी संख्या कम हो जाती है और मरीजों को बेड शेयर करने की जरूरत पड़ जाती है। कोरोनाकाल में आंबेडकर अस्पताल में बड़ी संख्या में संक्रमित महिलाओं का सुरक्षित प्रसव कराया गया था। संक्रमित महिलाओं को सामान्य गर्भवती से दूर रखने के लिए पृथक वार्ड बनाया गया था। महामारी समाप्त होने के बाद कोविड वार्ड का उपयोग बंद कर दिया गया था। करीब दो साल बाद इस विभाग में लगा ताला पुनः खोला गया है और प्रसव के लिए आने वाली महिला मरीजों के लिए दस बेड का नया वार्ड बनाया गया है। इस नए वार्ड का लोकार्पण नए साल में मरीजों के उपयोग के लिए किए जाने की तैयारी है।

## वर्तमान में 120 बेड की क्षमता, जरूरत के हिसाब से कई बार कम पड़ते हैं

### एल-2 ट्रामा भी

आंबेडकर अस्पताल में एल-2 ट्रामा तैयार करने के लिए भी केंद्र सरकार से फंड मिला था। योजना के तहत निर्माण कार्य में कुल राशि का 40 फीसदी केंद्र सरकार को देना था। फंड के अभाव में तीन से चार साल पहले इस गंभीर मरीजों के लिए ट्रामा विस्तार की योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। एक-दो बार इसके लिए प्रयास हुआ, फिर काम बंद कर दिया गया था। क्रिटिकल केयर यूनिट और ट्रामा का समायोजन भी प्रस्तावित नए सात सौ बिस्तर के इंटीग्रेटेड हास्पिटल में किया जाना है।



### नए भवन में एमसीएच यूनिट

पुराने बॉयज हास्टल की जगह बनाए जाने वाले सात सौ बिस्तर के एकीकृत अस्पताल भवन में मदर्स एंड चाइल्ड केयर यूनिट की स्थापना की जाएगी। इसके लिए वहां ज्यादा बेड के साथ अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। आंबेडकर अस्पताल में काफी समय पहले एमसीएच का पृथक यूनिट बनाने की योजना को केंद्र सरकार से अनुमति मिली थी। इसके लिए वहां से करीब एक करोड़ फंड भी जारी हुआ था। उस दौरान प्रारंभिक स्तर पर योजना बनाई गई थी, फिर मामला ठंडे बस्ते में चला गया था।

# व्यस्त चौराहों पर रोटरी बनाकर ट्रैफिक जाम से निपटने की तैयारी

*कलेक्टर, एसपी निकले शहर की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था की सुध लेने, दिए कई जरूरी निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था तथा शहर के ऐसे चौराहे जिसकी चौड़ाई कम है, ऐसे चौराहों पर ट्रैफिक का दबाव कम करने रोटरी निर्माण कराया जाएगा। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लेने कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह तथा एसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह पैदल जायजा लेने के लिए निकले। पैदल सड़कों पर निकले कलेक्टर एवं एसपी के निर्देश पर सड़कों के किनारे नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहन, गुमटी, ठेलों को प्रहरी टीम के माध्यम ने तत्काल हटाने की कार्रवाई की गई। साथ ही जिन चौराहों पर रोटरी नहीं लगे हैं, उन स्थानों पर अस्थायी रोटरी लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा सड़कों के गड्ढे एवं पेचवर्क को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए।

- महिला थाना, राजीवगांधी चौक सहित कई चौराहों पर स्थायी रोटरी बनाए जाने की तैयारी

अफसर घड़ी चौक से पैदल ट्रैफिक व्यवस्था की जायजा लेने के लिए निकले। कई स्थानों पर यातायात बाधित करने वाले पुराने वाहन को हटाने, पुराने खंबे एवं बिजली के बॉक्स, पेड़ों की छंटाई के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि सड़कों पर फ्लैक्स रखने की वजह से भी यातायात बाधित होता है, ऐसे में उन फ्लैक्स एवं बैनरों को हटाने की कार्रवाई की जाए। अफसरों ने देवेंद्र नगर, शंकर नगर एवं खम्हारडीह चौक का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, आरटीओ आशीष देवांगन, ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह, सतीश ठाकुर समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### इन चौराहों पर रोटरी बनाने निर्देश

- बंजारी चौक – अस्थायी रोटरी के स्थान पर पक्का रोटरी निर्माण, हाई मास्क लाईट लगाने निर्देश
- राजीव गांधी चौक – रोटरी का निर्माण किया जाना
- महिला थाना चौक – अस्थायी रोटरी के स्थान पर स्थायी रोटरी का निर्माण
- लाखे नगर चौक– स्थायी रोटरी, डिवाइडर का निर्माण, हाई मास्क लाईट लगाने निर्देश
- कमल विहाक चौक – सिग्नल लगाने निर्देश
- आमापारा चौक– अस्थायी रोटरी के स्थान पर स्थायी रोटरी, डिवाइडर निर्माण, हाई मास्क लाईट लगाने निर्देश
- स्टेशन रोड– रेलवे स्टेशन के गेट नं–1 एवं 2 के मध्य डिवाइडर



- देवेन्द्र नगर एक्सप्रेस वे ब्रिज के नीचे – स्थायी रोटरी का निर्माण
- अवंति बाई (लोधीपारा) चौक – क्रिस्टल आर्केट की ओर से आने वाले मार्ग में लेफ्ट टर्न में बाधित दुकान को अन्यत्र शिफ्ट करने निर्देश
- पंडरी कपड़ा मार्केट रोड – कपड़ा मार्केट जाने के लिए वर्तमान में केवल एक ही मार्ग है। मुख्य मार्ग के समानान्तर मार्ग में स्थित दो दुकान को हटाकर नया मार्ग का निर्माण
- खम्हारडीह थाना चौक – अस्थायी रोटरी के स्थान पर स्थायी रोटरी, हाई मास्क लाईट लगाने निर्देश
- शंकर नगर एक्सप्रेस–वे चौक – वर्तमान में लगा सिग्नल आईटीएमएस का एवं सिग्नल में वीएसी मोड नही होने के कारण सिग्नल संचालन में असुविधा, महिला थाना चौक के सिग्नल को शिफ्ट करने निर्देश
- कृष्ण कुंज – अवंति विहार तिराहा से महासमुंद बैरियर तक सर्विस रोड नही होने से रॉग साइड मुव्हमेंट होता है, जिसके कारण जाम की स्थिति निर्मित होती है। इसके लिए अवंति विहार तिराहा से महासमुंद बैरियर तक कृष्ण कुंज के सामानांतर सर्विस रोड निर्माण के निर्देश।
- रिंग रोड नं 1 – महासमुंद बैरियर से चंद्रा आईकॉन तक सर्विस रोड का निर्माण
- कमल विहार चौक देवपुरी – संतोषीनगर रोड में भारी मालवाहक वाहन प्रतिबंधित करने से कमल विहार चैक देवपुरी मार्ग में यातायात दबाव बढ़ने के साथ जाम की स्थिति। जाम से निपटने लाखे नगर चौक के सिग्नल को कमल विहार चैक में शिफ्ट करने निर्देश

# दूसरे विश्वविद्यालयों से प्रोफेसर बुलाएगा रविवि, छात्रों को मिलेंगे टिप्स, बताएंगे न्यू ट्रेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि अब दूसरे विश्वविद्यालयों से प्राध्यापकों को आमंत्रित करेगा। कैमेस्ट्री विभाग में इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। अन्य विभागों में भी इसकी तैयारी की जा रही है। रविवि विजिटिंग प्रोफेसर प्रोग्राम के तहत प्राध्यापकों को आमंत्रित कर रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि छात्रों को अन्य विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञों का भी मार्गदर्शन मिल सके और वे उन्हें नए टिप्स दे सकें। इसके अलावा प्राध्यापक उन्हें संबंधित विषय से जुड़े क्षेत्रों में रोजगार की संभावना बताने के साथ ही नए ट्रेंड के विषय में बताएंगे। विवि प्रबंधन का मानना है कि इससे छात्रों के अकादमिक प्रदर्शन में सुधार आएगा। किसी भी प्राध्यापक को व्याख्यान के लिए आमंत्रित करने निर्धारित प्रक्रिया अपनाई जाएगी। निर्धारित की गई प्रक्रिया के अंतर्गत विवि अध्ययनशाला द्वारा उन प्राध्यापकों के नाम भेजे जाएंगे, जिन्हें वे व्याख्यान के लिए आमंत्रित करना चाहते हैं।



### कोलकाता से किए गए आमंत्रित

*विजिटिंग प्रोफेसर प्रोग्राम की शुरुआत कैमेस्ट्री डिपार्टमेंट से की गई है। कोलकाता विवि से प्रो.नीतिन चटोपाध्याय को आमंत्रित किया गया है। अन्य विभागों से भी उन प्राध्यापकों के नाम मंगाए गए हैं, जिन्हें वे अतिथि व्याख्याता के रूप में आमंत्रित करना चाहते हैं। यह पहली बार है, जब रविवि अन्य विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों को मानदेय के आधार पर व्याख्यान के लिए आमंत्रित कर रहा है।*

### एक दिन में अधिकतम भुगतान 5 हजार

विजिटिंग प्रोफेसर को किए जाने वाले भुगतान को लेकर भी नियम बनाए गए हैं। चयनित विजिटिंग प्रोफेसर साल में दो बार सप्ताह भर के लिए रविवि आ सकेंगे। उन्हें प्रति व्याख्यान 2.5 हजार रुपए का भुगतान किया जाएगा, लेकिन एक दिन में अधिकतम भुगतान 5 हजार से नहीं होगा, चाहे वे कितनी भी कक्षाएं लें। सभी विभागों के व्याख्यान के लिए ये ही नियम लागू रहेंगे। रविवि अध्ययनशाला में अधिकतर स्नातकोत्तर कक्षाओं का ही संचालन होता है। ऐसे में विशेषज्ञ व्याख्याता ही आमंत्रित किए जाएंगे, जो विषय का ज्ञान गहराई से छात्रों को दे सकें।

# रायपुर सहित राज्य के 14 जिलों में 29 नए थाना खोलने की तैयारी

**जिलों से मिले प्रस्ताव पर मुख्यालय स्तर पर कार्यवाही शुरू, मांगी गई जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के 14 अलग-अलग जिलों के 29 स्थानों पर नए थाना खोलने शासन स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है। उल्लेखनीय है कि संबंधित जिलों के एसपी ने पूर्व में थाना खोलने शासन के प्रस्ताव भेजा था। उसी प्रस्ताव के अनुरूप जिन स्थानों में थाना खोलने पूर्व में प्रस्ताव भेजे गए हैं, वहां पिछले तीन वर्षों में अपराधों की संख्या तथा जहां नए थाने खोलने हैं, वहां से मूल थाना क्षेत्र की दूरी की जानकारी देने संबंधित जिले के एसपी को निर्देश दिए गए हैं।

- ज्यादातर प्रस्ताव नक्सल प्रभावित जिलों से, राजा तालाब में भी खुलेगा थाना

### राज्य में वर्तमान में इतने थाना संचालित

राज्य के अलग-अलग जिलों के शहरी तथा कस्बाई क्षेत्र में वर्तमान में 482 थाना संचालित हो रहे हैं। इसके अलावा 32 ट्रैफिक थाना तथा पांच रेंज साइबर थाना संचालित हो रहे हैं। रेंज साइबर तथा ट्रैफिक थानों को जोड़ दें, तो कुल 519 थाने संचालित हो रहे हैं। 29 नए थाना खुलने से संख्या बढ़कर 548 हो जाएगी।

#### इन जिलों में इन स्थानों पर थाना खोलने प्रस्ताव

- **रायपुर** : राजातालाब नूरानी चौक
- **बलौदाबाजार** : निपनिया
- **महासमुंद** : बड़े साजापाली, गढ़फुलझर
- **धमतरी** : सिंगपुर, आमदी नगर पालिका निगम शहरी क्षेत्र
- **बालोद** : मंगलतराई, करहीभदर, लाटाबोड़

### भागवताचार्य पं. ओझा नए वर्ष में आएंगे सुनाएंगे भागवत कथा

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक रमेश भाई ओझा की ओजस्वी वाणी जल्द ही राजधानी रायपुर में सुनाई देगी। जैनम मानस भवन, विमानतल रोड पर मिरानी ग्रुप ने श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया है। छत्तीसगढ़ में एक बड़ा साधक समूह पं. ओझा के मुखारबिंद से कथा सुनने आतुर है। छत्तीसगढ़ समेत अन्य प्रांतों व जिलों से लोग कथा सुनने पहुंचेंगे, इसलिए आयोजन की व्यापक तैयारी की जा रही है। नए वर्ष 2025 के जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में कथा पाठ करने वे रायपुर आ रहे हैं। रायपुर में व्यासपीठ से उन्हें प्रत्यक्ष सुनने का मौका मिलेगा। कथा की शुरुआत 2 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ होगी और पं. ओझा द्वारा रसराज प्रभु की कथा अविरल 8 जनवरी तक प्रवाहित होगी। कथा का रोजाना समय शाम 4 से 7.30 बजे तक रहेगा। आस्था व धर्म संदेश चैनल पर कथा सीधा प्रसारण भी किया जाएगा।



# फिल्मी अंदाज में मारपीट और लूट चार बदमाश गिरफ्तार, निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

घर के लिए किराना सामान लेने गए व्यक्ति को घेरकर फिल्मी अंदाज में मारपीट कर 50 हजार रुपए लूट करने के आरोप में गुढ़ियारी पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों का पुलिस ने उनके आड़े-तिरछे बाल कटवाकर जुलूस निकालकर कानून का पाठ पढ़ाया। घटना पांच दिन पूर्व की है। बदमाशों ने जहां मारपीट तथा लूट की घटना की थी, पुलिस ने बदमाशों को उसी जगह ले जाकर सबक सिखाया। कलिंग नगर निवासी बृजेश शुक्ला की शिकायत पर पुलिस ने सुनील उर्फ विद्याधर सोनी, देशी उर्फ छोटू उर्फ सोमनाथ सोना, भुरू उर्फ विरेंद्र संेद्रे तथा राजा नायक को गिरफ्तार किया है। बृजेश ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह मिराज पेट्रोल पंप के पास घर के लिए सामान खरीदने गया था।



### बाथरूम में छिपकर बचाई जान

*बृजेश के अनुसार बदमाशों ने चाकू निकालकर उस पर हमला करने की कोशिश की, तो वह अपनी दोपहिया छोड़ बाजू के पेट्रोल पंप के वाशरूम में जाकर खुद को बचाया। बृजेश के अनुसार उसकी एक्टिवा में चाबी लगी हुई थी। बदमाश देख लेने की धमकी देते हुए बृजेश की एक्टिवा अपने साथ ले गए और थोड़ी दूर जाने के बाद एक्टिवा की डिक्की में रखे 50 हजार रुपए निकालकर बीयर की बोतल भर दी।*

### रविवि की छात्रा सात दिन से लापता धरने पर बैठीं डोंगरगढ़ विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से लापता छात्रा की खोज गंभीरतापूर्वक करने और एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल सरस्वती नगर थाना में शुक्रवार को धरने पर बैठ गईं। उनके साथ पालता बालिका के माता-पिता और ग्रामवासी भी थे। इसके पूर्व विधायक विश्वविद्यालय पहुंची, जहां उन्होंने गायब छात्रा के संदर्भ में विवि प्रशासन से जानकारी ली। गौरतलब है कि रविवि के गर्ल्स हॉस्टल से एमएससी फाइनल ईयर की 25 वर्षीय छात्रा 7 दिसंबर से गायब है। 20 दिन बाद भी छात्रा का कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन प्रारंभ की है, लेकिन अब तक छात्रा का कुछ पता नहीं चल पाया है।


आवेदन आमंत्रित
पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)
अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।
❖ स्वयं का वाहन होना चाहिए।
❖ 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
❖ आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
❖ किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
❖ मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।
आवेदन करें
Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
SORRY BHAI ड्राई जगहों मे पानी निकाल कर देने की ठेका लेते है
ऐसे लोग जो बार-बार बोर करवा कर परेशान हो चूके है फिर भी पानी नही निकाल पा रहे है तो SORRY BHAI को पानी निकाल कर देने के लिए ठेका दे दो।
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
पैसा पानी निकलने के बाद देना

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## समावेशी शिक्षा पर राज्य स्तरीय सेमिनार हुई





**राजिम।** शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और समावेशिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्यस्तरीय सेमिनार का आयोजन समावेशी शिक्षा हर बच्चे का अधिकार विषय रहा। जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों के शिक्षकों ने भाग लिया और अपनी प्रस्तुतियां दीं। इस सेमिनार का उद्देश्य समावेशी शिक्षा की अवधारणा को प्रोत्साहित करना, दिव्यांग बच्चों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना, और शिक्षा प्रणाली में विविधता को समाहित करते हुए सभी छात्रों को बेहतर और समग्र शिक्षा प्रदान करना है। कार्यक्रम में समावेशी शिक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई जिसमें दिव्यांग छात्रों के लिए शिक्षा में समान अवसर, शिक्षकों के प्रशिक्षण की आवश्यकता, सहायक तकनीक का उपयोग, और दिव्यांग छात्रों के लिए खेलकूद सह-पाठ्यक्रम जैसे गतिविधियाँ शामिल हैं। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षिका के. शारदा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खेदामारा, दुर्ग द्वारा की गई जिसमें उन्होंने बताया कि समावेशी शिक्षा का उद्देश्य सभी प्रकार की बाधाओं को दूर कर एक समान और सुलभ शिक्षा प्रदान करना है। राजिम से समावेशी शिक्षा के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के योगदान पर व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ सेजेस राजिम द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए प्रौद्योगिकी की आवश्यकता, सहायक तकनीकों और विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान दिया गया।

### प्रवचन : देवगांव भागवत कथा में सुदामा चरित्र ने भाव विभोर किया

# हमें मित्रता की सीख देती है श्रीकृष्ण और सुदामा की जोड़ी : पं. ऋषिकेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

भागवत कथा की सातवें दिन व्यास पीठ ग्राम देवगांव से पं. ऋषिकेश तिवारी महाराज ने रति चरित्र, सुदामा, यदुवंश श्राप प्रसंग से जुड़ी कथा श्रोताओं को श्रवण कराया गया। वहीं भोजनावकाश में क्षेत्र के कवि ने काव्यपाठ पढ़ा। पं. ऋषिकेश तिवारी महाराज उन्होंने कहा कि सुदामा श्रीकृष्ण के गुरु भाई और परम भक्त हैं जिन्होंने बिना किसी कामना के परमात्मा में अडिग विश्वास रखते हुए उनकी भक्ति की। कथावाचक ने भगवान द्वारिकाधीश के विवाहों का वर्णन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने रुक्मिणी हरण भगवान द्वारिकाधीश के सत्यभामा, कालिंद्री, जाम्बबंती आदि से भी विवाहों की कथा विस्तार से सुनाते हुये कहा कि इस प्रकार उन्होंने सोलह हजार एक सौ आठ विवाह किए। उन्होंने सुदामा चरित्र का मार्मिक चित्रण कर श्रोताओं को भावुक कर दिया। उन्होंने कहा कि भगवान द्वारिकाधीश और सुदामा की मित्रता हमें मैत्री संबंधों के साथ आदर्श मित्रधर्म की भी शिक्षा देती है। उन्होंने कहा कि परमात्मा का नाम स्मरण ही कलिकाल में प्राणिमात्र को भवसागर से पार कर देता है। परमात्मा किसी न किसी रूप में इस धरा पर अवतार धारण करते हैं। कथा व्यास बताते हैं कि परमात्मा का वास सब जगह है, बस जरूरत है उसे पहचानने की। जो भी उसे सच्चे मन से याद करता है उसे वे अवश्य ही दर्शन देते हैं। परीक्षित इलाज वाले सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू, हेमलता साहू, सालिक साहू, दुर्गा राम इन्द्राणी साहू परिवार का आगन्तुकों ने शुभकामनाएं देते अंगवस्त्र भेंट किया।



### सबसे बड़ा धन संतोष धन

*इस बीच में पंडित जी ने आगन्तुक श्रोता समाज को बताया कि जीवन में असंतोष का अपना महत्त्व है। यदि व्यक्ति या समाज अपनी यथास्थिति से संतुष्ट होकर हाथ-पर-हाथ धरकर बैठ जाएं तो उसकी सभ्यता संस्कृति के विकास का मार्ग ही अवरुद्ध हो जाए। इस संदर्भ में असंतोष उचित माना जा सकता है, जहां उसके द्वारा जीवन की उन्नति प्रगति एवं उत्कर्ष का मार्ग प्रशस्त होता है, लेकिन जब असंतोष के प्रेरक तत्त्व लोभ, अनावश्यक प्रतिद्वंद्विता और ईर्ष्या द्वेष जैसे नकारात्मक भाव हो जाएं तो यह जीवन की सुख-शांति को चौपट कर देता है।*

### महंगे शौक और वैभव प्रदर्शन का अंत नहीं

आज चारों ओर ईर्ष्या-द्वेष और अस्वस्थ होड़ का बोलबाला है। जीवनमूल्यों के क्षरण और नैतिक पतन के कारण इनसान प्रतिद्वंद्विता की अंधी दौड़ में शामिल है। जो सहज रूप से उपलब्ध है, उसमें संतुष्ट नहीं, जबकि उससे जीवन की मूलभूत आवश्यकताएँ पूरी हो रही हैं, सामान्य जीवनयापन चल रहा हो लेकिन जब दूसरों से तुलना करने का, उनकी तरह ठाठ-बाद, महंगे शौक और वैभव प्रदर्शन का सिलसिला प्रारंभ हो जाता है तो फिर इसका कोई अंत नहीं। असंतोष से जुड़ी समस्या यहीं से प्रारंभ हो जाती है। विधायक प्रतिनिधि राजिम विजय कंडरा, पूर्व विधायक गुण्डरदेही विरेन्द्र साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष धमतरी रघुनंदन साहू, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजिम रिकेश साहू, चन्द्रशेखर हरित, सोमप्रकाश साहू, गोपाल साहू, महेश साहू, यशवन्त यादव, सुकु साहू, डोमार सिन्हा, जितेन्द्र पेनदरिया, लोकेश सोनी, मुकेश साहू, युवराज साहू, टोमन साहू, जसवीर सिंग रायपुर, प्रेमलाल साहू, आशा रात्रे, रामाधार साहू, रामू राम साहू उपस्थित थे।

## सुशासन का एक साल, विष्णु की पाती का गांव-गांव वितरण




हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

छतीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के एक साल पूरा होने के उपलक्ष्य में विष्णु के पाती का गांव-गांव वितरण किया जा रहा है जिसमें छत्तीसगढ़ सरकार की विभिन्न योजनाओ के संबंध में लोगो को जानकारी मिल रही है और दूरस्त वनांचल क्षेत्रों में भी विभिन्न वर्गों से मुख्यमंत्री ने विष्णु के पाती के नाम से सीधे संवाद किया है। इस संबंध में किसानों ने कहा की विष्णु के पाती पढ़ कर उसमें उर्जा और उत्साह का संचार हुआ है छत्तीसगढ़ की संवेदनशील सरकार की किसान हितैशी योजनाओं से किसान आर्थिक समृद्ध हो रहे है राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में अनेक योजनाए चलाई जा रही है शासन द्वारा किसानों को हर सुविधा मुहैया कराई जा रही है जिससे उन्हे खेती करने में दिक्तों का सामना करना न पड़े। किसान सम्माननिधी कृषक उन्नति योजना के साथ ही किसानों को समय समय पर कृषि उपकरणों का वितरण किया जा रहा है। सुशासन की एक वर्ष पूरा होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों से विष्णु की पाति के जरिए से सीधा संवाद किया है।

### राशि का बच्चों की शिक्षा पर करते हैं खर्च

इंदागांव क्षेत्र के किसान भुनेश्वर साहू ने बताया की सरकार द्वारा मिलने वाले सहयोग से वे अपने खेती किसानी के कार्यों को बड़ी आसानी से कर पा रहे हैं किसान अपने बच्चों की शिक्षा और परिवार का पालन पोषण खेती के कामों से ही करते हैं ऐसे में सरकार द्वारा मिलने वाली सम्मान निधी, बोनस और अन्य योजना से बड़ी राहत मिलता है। गौरघाट के किसान रायसिंह ध्रुव ने भी विष्णु की पाती पढ़ी उन्होने कहा पत्र पढ़ने से ऐसा लगा कि प्रदेश के मुख्या हमारे साथ है और किसानों को किसी भी समस्या से जुझना नहीं पड़ेगा। केन्द्र और राज्य सराकर दोने ने ही कृषि की बजट में वृद्धि की है।

# आरक्षक मनीष का छत्तीसगढ़ हैंडबॉल टीम में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

■ 53वीं सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में लेंगे हिस्सा

गरियाबंद पुलिस में पदस्थ आरक्षक मनीष चंद्राकर का चयन छत्तीसगढ़ हैंडबॉल सीनियर पुरुष टीम में किया गया है। मनीष आगामी 53वीं सीनियर नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप, जो 26 से 29 दिसंबर तक कोट्टायम (केरल) में आयोजित होगी- जिसमें छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। मनीष इससे पहले 28 बार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुके हैं और यह उनका लगातार 7वां चयन है। 2023 में उन्होंने 37वें नेशनल गेम्स, जो भारत की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता है, में कांस्य पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया था। मनीष ने कहा कि यदि अन्य राज्यों की तरह छत्तीसगढ़ पुलिस में खेल के लिए अधिक प्रोत्साहन मिले, तो राज्य के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर और बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।




मनीष के चयन पर गरियाबंद के पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक रखेचा ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही, गरियाबंद के कलेक्टर दीपक अग्रवाल, अति. पुलिस अधीक्षक जितेंद्र चंद्राकर, डीएसपी निशा सिन्हा, आरआई सनत ठाकुर, स्टेनो शिवेंद्र राजपूत, छत्तीसगढ़ हैंडबॉल संघ से बशीर अहमद खान, प्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव विक्रम सिसोदिया, प्रदेश हैंडबॉल संघ के सचिव समीर खान, उपाध्यक्ष इमरान अली, और ई-30 टीम के भानु ध्रुव ने भी बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मनीष वर्तमान में भिलाई में आयोजित कोचिंग कैंप में हिस्सा ले रहे हैं, जहां से वह सीधे नेशनल चैंपियनशिप के लिए रवाना होंगे। उनके चयन से जिले में गर्व और उत्साह का माहौल है।

## डॉ. मनमोहन सिंह महत्वपूर्ण कार्यों के लिए याद किए जाएंगे

**गरियाबंद।** शनिवार को शहर कांग्रेस कमेटी गरियाबंद द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह कांग्रेस भवन गरियाबंद में शोक सभा आयोजित कर श्रद्धाजली दी गई। महान अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह की कार्यों को याद करते हुए बताया कि डॉक्टर मनमोहन सिंह वर्ष 1932 में पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के एक गरीब परिवार में जन्म हुआ था वर्ष 1947 के बाद उनके परिवार भारत आ गया था शासकीय स्कॉलरशिप प्राप्त कर उन्होंने शिक्षा ग्रहण की क्रमब्रिज विश्वविद्यालय से उपाधि प्राप्त की थी डॉ. मनमोहन सिंह वर्ष 1991 में यूजीसी के अध्यक्ष नियुक्त किए गए एवं रिजर्व बैंक आफ इंडिया के गवर्नर पर आसीन रहे डॉक्टर पी सी नरसिम्हा राव सरकार में बतौर वित्त मंत्री रहते हुए जब पूरा विश्व आर्थिक संकट से जूझ रहा था तब उन्होंने आर्थिक विकास के जनक माने जाते हैं वर्ष 2004 से लेकर वर्ष 2014 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे।



### भारत की अर्थव्यवस्था सुधार में उनका खास योगदान

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण के बाद शहरध्यक्ष ने कहा की आर्थिक उदारीकरण के शिल्पकार रहे मनमोहन सिंह ने वर्ष 2004 से वर्ष 2014 तक अपने प्रधानमंत्री काल में मनरेगा, राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना, आधार योजना, परमाणु करार और आरटीई जैसे कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम संचालित कर देश को प्रगति के रास्ते पर आगे ले जाने की बुनियाद रखी। अध्यक्ष प्रेम सोनवानी ने कहा की देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन होने की खबर अति-दुखद भारत की अर्थव्यवस्था सुधार में उनका खास योगदान रहा। श्रद्धांजलि सभा में शहर अध्यक्ष प्रेम सोनवानी, सेवादल, अध्यक्ष अवध राम यादव, जैनेंद्र कुमार, पार्षद ज्योति साहनी, सविता गिरी, दिलेश्वर देवांगन, बाबा सोनी, सुमन देवांगन एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आभार... आभार... आभार...




राजिम क्षेत्र के ग्राम कौंदकेरा में "सत्यमेव जयते" ट्रेडर्स & राईसमिल के उदघाटन समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में पधारे पूर्व सीएम छत्तीसगढ़ विधानसभा के यशस्वी अध्यक्ष - मा. डॉ. रमन सिंह

सांसद - रूपकुमारी चौधरी, विधायक - रोहित साहू एवं सभी अतिथियों का आभार....






विनीत : ओंकार साहू, अध्यक्ष शाला एवं विकास प्रबंधन समिति, उपाध्यक्ष जिला साहू संघ गरियाबंद

प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप

### जिले की हिना ने पाया बॉटनी में दूसरा स्थान



**गरियाबंद।** जिले की हिना देवांगन ने रविशंकर विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ में वनस्पति विज्ञान (बॉटनी) विषय के टॉप-10 में दूसरा स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। हिना, समाजसेवी परस देवांगन की सुपुत्री हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर, गरियाबंद में हुई। वहां से 12वीं तक की पढ़ाई में उन्होंने हमेशा प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और नगर का मान बढ़ाया है। हिना ने बीएससी की पढ़ाई वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय, गरियाबंद से पूरी की। जहां वे लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करती रहीं। इसके बाद उन्होंने एम.एस.सी. (वनस्पति विज्ञान) की पढ़ाई शासकीय एमवी महाविद्यालय, महासमुंद से की। वहां भी सभी सेमेस्टर में प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज का गौरव बढ़ाया। अपनी सफलता का श्रेय हिना ने अपने माता-पिता, परिजनों और गुरुजनों को दिया है।

### विभिन्न निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में अनेक विकास कार्य कराए जा रहे हैं। पार्षद धर्मेंद्र यादव ने पोस्टमार्टम सेंटर में आवागमन के लिए सीसी रोड का भूमिपूजन किया तथा वार्ड 02 मीना बाजार परिसर में महादेव मंदिर निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। बाजार चौक डबरी पार में निर्माण, वार्ड नं 06 में नाली मरम्मत व स्लैब निर्माण कार्य का भी किया गया। नगर कुलदेवी मां शीतला मंदिर गोड़धोवा तालाब एवं वार्ड नं 06 गोविंदा तालाब में चल रहे सौंदर्यीकरण व पिचिंग कार्यो निरीक्षण किया गया।

### बच्चों को दिया जाएगा कैरियर गाइडेंस

**नर्रा।** कर्मचारी प्रकोष्ठ छग मरार पटेल समाज महासंघ के तत्वावधान में रविवार 29 दिसंबर को प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान सह कैरियर गाइडेंस समारोह छग प्रदेश शहीद स्मारक भवन रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में समाज के प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा तथा मोटिवेशनल स्पीकर द्वारा बच्चों को कैरियर गाइडेंस दिया जाएगा। यह कार्यक्रम बच्चों के शैक्षणिक विकास और प्रतिभाओं को निखारने के लिए किया जा रहा है, पालकों से अपीलकी गई है कि शिक्षार्थियों को इस महाकुंभ में अपने बच्चों को अवश्य शामिल होने के लिए प्रेरित करें। छग को मरार पटेल समाज महासचिव ने उक्त कार्यक्रम में प्रतिभावान बच्चों, पालकगण एवं जिला समाज प्रमुखों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की हैं।

### प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर के 51 पदों पर होगी भर्ती

**महासमुंद।** पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में प्रोफेसर, एसोसिएट, प्रोफेसर व असिस्टेंट प्रोफेसर के 51 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए वैकेंसी निकली है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी तक निर्धारित की गई है। इसमें असिस्टेंट प्रोफेसर के 31 पद है। इसी तरह प्रोफेसर के 8 और एसोसिएट प्रोफेसर के 12 पद निर्धारित की गई है। वही दूसरी ओर शैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए पात्र व अपात्र उम्मीदवारों की लिस्ट जल्द जारी की जाएगी।

# महानदी के पानी से आ रही दुर्गंध, सफाई बिना कैसे होगा राजिम कुंभ

श्यामकिशोर शर्मा ▸▸ राजिम

राजिम मेला को अभी डेढ़ माह से भी कम समय बचा हुआ है। 12 से 26 फरवरी के बीच राजिम मेला का आयोजन किया जाना है जिसके लिए प्रशासन स्तर पर नदी की सफाई के लिए अब तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है। सबसे ज्यादा प्रदूषण महानदी में है जो छत्तीसगढ़ की सबसे लंबी जीवनदायिनी नदी है। महानदी को देखने पर ऐसा लगता है कि नदी के ऊपर एक फीट से ऊपर काई की परत चढ़ी हुई है। घास, कटीली झाड़ियां एवं ऊबड़-खाबड़ मैदान के रूप में दिख रहा है, कीड़े बजबजा रहे हैं जिससे दुर्गंध आ रही है। मालूम हो कि पिछले वर्ष जब मेला समाप्त हुआ तो उसके बाद से जिले के जिम्मेदार अधिकारियों ने नदी की ओर मुड़कर भी नहीं देखा। इतना ही नहीं पूरा साल बीत गया साफ-सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।फलस्वरुप नदी में रेत के स्थान पर अब केवल कीचड़ युक्त पानी और कटीली झाड़ियां उगी हुई है। इस दिशा में हरिभूमि ने साल भर में छह से आठ बार नदी के इस बद से बदतर हालात का खबर प्रकाशित कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया किया। वहीं अब मेला जब सिर पर है तो बैठकें होने लगी है। 25 दिसंबर को राजिम रेस्ट हाऊस में अफसरों की एक बैठक हुई उसी दिन भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिवस को देश भर में मनाया गया।

## प्रदूषित महानदी में पानी छोड़ने से फैलेगी बीमारियां

### स्थानीय श्रद्धालुओं को मंदिर दर्शन से होना पड़ता है वंचित

बड़ी बात यह है कि यहां के नियमित स्थानीय श्रद्धालुओं को राजिम मेला के दौरान 15 दिन भगवान श्री राजीव लोचन एवं कुलेश्वर महादेव के दर्शन से वंचित होना पड़ता है। साल भर तो भगवान के दर्शन प्राप्त हो जाते हैं किंतु असली मेला के दौरान वे भगवान के दर्शन से वंचित हो जाते हैं। क्योंकि लाइन लगाना पड़ता है। नियमित रूप से मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओ में मधुसूदन शर्मा,रमेश तिवारी,सुनील तिवारी,बलराम देवांगन,इंजीनियर ऋषि सेन,सतीश गंभीर जैसे कम से कम सौ श्रद्धालु शामिल होंगे। इनका कहना है कि उज्जैन महाकाल की तर्ज पर राजिम मेले के अवसर पर आधार कार्ड से मंदिर में सीधे प्रवेश की व्यवस्था होनी चाहिए।



### 6 साल में कई कलेक्टर व जिले के प्रभारी मंत्री बदल गए

खास बात यह है कि 6 वर्षों से मेला के लिए 54 एकड़ भूमि आरक्षित है। इन वर्षों में जिले के कई कलेक्टर बदल गए, जिले के प्रभारी मंत्री चेंज हो गए। यहां तक कि सरकार भी बदल गई। प्रशासन के आला अधिकारी आते है निरीक्षण करते हैं। पांच वर्ष बाद भी सुरक्षित किए गए मेला स्थल में न तो चौड़ा रोड बना है न ही यातायात की सुगम व्यवस्थाएं है। कार्ययोजना तो यह थी कि साधु संतों को कुटिया में न रुकवाकर आरक्षित मेला स्थल पर भव्य भवन का निर्माण होगा। किंतु अभी वहां पीने के पानी के लिए एक हैंड पंप भी नहीं लगाया जा सका है। जब-जब मेला आता है आला अधिकारी आते है, निरीक्षण करते है फिर चले जाते है। पिछले सालों की तरह शासन-प्रशासन में शंका एवं असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि मेला का आयोजन कहां होगा?

### फाइनल डिसीजन बाकी

25 दिसंबर को रेस्ट हाऊस राजिम में विधायक रोहित साहू की मौजूदगी में जिले के सभी विभागों के अफसरों की बैठक आयोजित की गई थी। नए मेला स्थल का निरीक्षण किया गया। फाइनल डिसीजन अभी नहीं हुआ है, फैसला होना अभी बाकी है।
-महाराणा, एसडीएम राजिम

### बैठक हुई

प्रथम बैठक में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के प्रबंध निदेशक विवेक आचार्य जी आए थे। बैठक हुई है, शासन जिस स्थान पर चाहेगी वहां मेला लगेगा। शासन के निर्देश पर ही सब कुछ होगा।
- चंदन मानकर, सीईओ राजिम

बैठक : धान की खरीदी, बंद धान का परिवहन, बारदाना, उठाव सहित अन्य जानकारी ली

# उचित व्यवस्था के तहत जारी रहे धान खरीद व परिवहन व्यवस्था : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

▪ पर्याप्त मात्रा में करें नए एवं पुराने बारदानें की व्यवस्था

राज्य शासन द्वारा 14 नवंबर से शुरु किए गए धान खरीदी जिले में सुचारू रूप से जारी है। उपार्जन केन्द्रों में उचित व्यवस्था सुनिश्चित कर किसानों से धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों पर सुचारु और पारदर्शी तरीके से धान खरीदी हो रही है। केन्द्रों में सभी प्रकार की सुविधाएं सुनिश्चित की गई है। इस संबंध में कलेक्टर अग्रवाल ने शनिवार को खाद्य, सहकारिता, बैंक, नागरिक आपूर्ति निगम सहित संबंधित विभाग के अधिकारी की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को समितिवार धान की खरीदी, बंद धान का परिवहन, बारदाना, उठाव सहित अन्य जानकारी ली। कलेक्टर ने धान की खरीदी निरंतर जारी रखने, धान उठाव के लिए लगातार परिवहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी समिति में पर्याप्त नये एवं पुराने बारदानें की व्यवस्था करने को कहा जिससे की धान की खरीदी सुचारु रुप से जारी रहे।




इस दौरान अधिकारी ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिले के अवैध धान एवं परिवहन करते पाए जाने पर प्रकरण बनाए जा रहे है। अब तक जिले में 39 प्रकरण बनाये गए हैं जिसमें 8121 बोरा धान तथा 16 वाहन जब्त कर कार्रवाई की गयी है। इसी तरह अब तक कुल 2 लाख 80 हजार 610.64 मेट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। उपार्जन केन्द्र से मिलर को 21 हजार 438 मिट्रिक टन धान प्रदाय किया गया है। उन्होंने समिति से धान का अधिक से अधिक उठाव करने तथा खाद्य निरीक्षक एवं सहकारिता निरीक्षक को समिति में जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



### भेण्डरी खरीदी केंद्र में धान जाम

**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी धान खरीदी केंद्र में इन दिनों जाम की नौबत आ गई है। अब तक 39908.80 क्विंटल धान की खरीदी हुआ है। परिवहन न होने के कारण परेशानी पैदा हो रही है। धान की आवक हो रही है उसे कांटा करके तिरपाल ढंक कर मैदान में अलग से रखा जा रहा है। 40 फीसदी किसान अभी धान नहीं बेच पाए है। परिवहन यदि शीघ्र नहीं किया गया तो धान खरीदी प्रभावित हो जाएगी। प्रबंधक कार्तिक साहू ने धान परिवहन के लिए जिम्मेदारों का ध्यान आकर्षित किया है।

# मुड़तराई स्कूल के बच्चों ने किया जंगल सफारी का शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा

संकुल केंद्र कोपरा अंतर्गत प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला मुड़तराई के स्कूली बच्चों को नया रायपुर स्थित जंगल सफारी व जू एवं पुरखोती मुक्तांगण का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान बच्चे बेहद उत्साहित व लालायित रहे। 1216 एकड़ में फैली यह जंगल सफारी में बच्चों द्वारा विभिन्न जीव जंतु जैसे-शेर, बाघ, सांमर, चीतल, बारहसिंहा, नील गाय, हिरण आदि विभिन्न प्रजाति के जानवर बच्चों ने देखा। इस दौरान बच्चों को पर्यावरण, पर्यटन व जीव-जंतु के संबंध में विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई। बच्चे बेहद उत्सुकता के साथ जानकारियां प्राप्त करते हुए नजर आये और शैक्षणिक भ्रमण का लुत्फ उठाया। भ्रमण के अंत में सभी बच्चों और शिक्षकों से वहां के अधिकारी द्वारा वहाँ के अनुभवों को पूछा गया जिसमें बच्चों से फीडबैक लिया गया तथा नंदनवन जंगल सफारी का उद्देश्य बताते हुए कहा गया कि जीव-जंतुओं एवं वनस्पतियों का प्रदर्शन, आदान-प्रदान एवं पुनर्वास के लिये योजना बनाकर काम करना है। भ्रमण के दौरान बच्चों के साथ प्रधान पाठक सेवा राम साहू ,शिक्षकगण द्विजराम जांगड़े, रुपेश वर्मा प्रमोद कैवर्त, वीरेंद्र साहू एवं समिति के अध्यक्ष टेमन लाल यादव, हुलास साहू, प्रमिला यादव, परमेश्वरी वर्मा, रोहित ध्रुव, अशोक वर्मा, इंदल ध्रुव, मीना वर्मा एवं समस्त सदस्य गण शामिल थे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में फिंगेश्वरी की टीम रही विजेता

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम फिंगेश्वरी में ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों के सानिध्य एवं सहयोग से ग्रामीण स्तरीय टेनिस क्रिकेट बाल प्रतियोगिता का आयोजन 18 दिसंबर से प्रारम्भ हुआ जो निरंतर आठ दिनों तक चलता रहा। इस टेनिस बाल क्रिकेट खेल का समापन शुक्रवार को देर रात्रि तक हुआ। लंबे अंतराल के बाद ग्राम फिंगेश्वरी में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




इस क्रिकेट प्रतियोगिता में अंचल के टीमों ने भाग लिया और अपना हुनर दिखाया। अंतिम दिवस में फाइनल मैच अमेठी और फिंगेश्वरी के मध्य खेला गया। दोनों टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और फिंगेश्वरी टीम ने शानदार यह मैच 6 रनों से जीत लिया। जिसमें सुमित ने आक्रमक पारी खेलते हुए 58 रनों का योगदान दिया। कार्यक्रम के समापन एवं पुरुस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि राजू साहू सोरीद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुष्पलता देवानंद सिन्हा जनपद सदस्य जनपद पंचायत छुरा रहे। राजू साहू ने खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का सन्देश दिया। युवाओं के खेल के प्रति रूचि देखकर राजू साहू प्रभावित हुए उन्होंने क्रिकेट साथियों को आगामी समय में सभी के प्रयास से मिनी स्टेडियम बनाने के लिए विधायक रोहित साहू से मिलकर मांग रखने की बात कही। विजेता टीम को शील्ड एवं मेडल पहनाकर सम्मान किया। उक्त कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ नागरिकगण भुवन ध्रुव, मानसिंह दीवान, चिंताराम, खेमसिंह, गोकुल चक्रधारी एवं भारी संख्या मे ग्रामीण मौजूद रहे। फाइनल क्रिकेट में कमेंटटर नीलम साहू व बेनी राम चक्रधारी रहे।



### करकरा में धूमधाम से मनाई गई गुरु घासीदास की जयंती

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम करकरा में शुक्रवार को गुरु घासीदास जयंती समारोह एवं मड़ाई मेला का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रहलाद यदु जनपद सदस्य एवं अध्यक्षता कुमारी बाई ध्रुव सरपंच ने की विशेष अतिथि सुखीराम साहू शिक्षक समारु राम कोशले प्रदीप बघेल लक्ष्मी दास सोनवानी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ शोभायात्रा निकालकर गुरु गद्दी का पूजन कर जैतखंभ में पालों चढ़ाया कर किया गया। वहीं रात्रिकालीन कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी निपानी बालोद का कार्यक्रम हुआ। इस नाचा गम्मत में दर्शकों से मंच खचाखच भरा रहा और दर्शक हंसी मजाक से लोटपोट हुए। समारोह को सफल बनाने में ग्राम के समस्त सतनामी समाज का योगदान रहा। जिसमें मुख्य रूप से भुनेश्वर बघेल, बलवंत बघेल, तेजराम सोनवानी, दरवन, चरण दास, पीलसिंग जांगड़े, खोरबाहरा, मोहन बागे, योगेश जांगड़े, दयालाल धृतलहरे, डॉ. नकुलदास बंजारे का सराहनीय सहयोग रहा।

# चरौदा को जनपद उपाध्यक्ष ने दी टैंकर की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

जनपद पंचायत फिंगेश्वर के उपाध्यक्ष योगेश साहू के द्वारा ग्राम पंचायत चरौदा में जनपद पंचायत विकास निधि से 2 लाख की लागत से नवीन पानी टैंकर ग्राम पंचायत को प्रदान किया है जिसको लेकर पंचायत प्रतिनिधियों सहित ग्राम में हर्ष का माहौल है। ज्ञात हो कि जनपद पंचायत फिंगेश्वर के उपाध्यक्ष योगेश साहू के द्वारा अपने क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार के विकास कार्यों को अग्रसर कर रहे हैं। क्षेत्र में पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुए विभिन्न ग्राम पंचायत में आवश्यकता अनुसार जनपद पंचायत विकास निधि से जलप्रदाय के लिए पानी टैंकर प्रदान कर रहे हैं। यहां के ग्रामीण लंबे समय से पानी टैंकर की मांग कर रहे थे जा पूरा हुआ है। सरपंच नूतन मनोज पटेल ने कहा कि हमारे क्षेत्र के जनपद उपाध्यक्ष द्वारा जनपद पंचायत विकास निधि से हमारे गांव के पानी की समस्या को देखते हुए पानी टंकी की व्यवस्था किए हैं जिससे पूरे गांव में खुशी का माहौल है।गर्मी के दिन में होने वाले पानी की किल्लत से निजात पा का सकते हैं। इसके साथ ही ग्राम के सभी सुख दुख के कार्यों व सार्वजनिक एवं अन्य धार्मिक कार्योर् में यह वाटर टैंकर उपयोगी साबित होगी।




जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू को धन्यवाद देने वालों में सरपंच नूतन बाई पटेल, ग्राम के प्रमुख हरखराम निर्मलकर, चेतन सिन्हा, अशोक निर्मलकर, मनोज पटेल, जागेश्वरी ध्रुव, डेमिन यादव, जियावन लाल सेन, सनत राम गंधर्व, तपेश्वरी पटेल, चम्पेश्वरी यादव, मोहनी ध्रुव, खेमनबाई दीवान, टिकेश्वरी सिन्हा, लोकेश्वरी बंजारे, धनेश्वरी ध्रुव, दूज बाई साहू, लोकेश सेन, बेदुराम साहू सहित अन्य ग्रामवासी शामिल हैं।

# मड़ई हमारी संस्कृति की विरासत है : खोमन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला

ग्राम रसेला में दो दिवसीय भव्य मड़ाई मेला का आयोजन शनिवार को संपन्न हुआ। रसेला में 8 साल अंतराल के बाद 26 और 27 दिसंबर को दो दिवसीय मड़ाई मेला में लोगों का उमड़ा जनसैलाब और लोगों में उत्साह देखने को मिला सभी के घरों में मेहमानों का रेला लगा रहा। जागृति नवयुवक मंडल के सभी सदस्यगण अपने तन, मन, धन से मेला को शांति पूर्ण संपन्न करने में जुटे हुए थे। बुधवार को गांव के सभी देवी -देवताओं को आमंत्रित कर चंडी मे लाकर विधिवत पूजा अर्चना कर रात्रि जागरण किया गया। गुरुवार को सुबह से सभी व्यापारियों अपने अपने जगहों पर अपने सामान को सजाने लग गये थे। 2 बजे तक सभी गांवों के आमंत्रित देवी देवताओं का पूजा अर्चना कर स्वागत किया गया। दोपहर के बाद जैसे जैसे समय बढ़ता गया वैसे मड़ाई महोत्सव में लोगों



का जनसैलाब उमड़ा जो रात 12 बजे तक जारी रहा। मेला में सभी आमंत्रित देवी देवताओं की शोभायात्रा निकालकर डांग डोली सहित सभी देवी देवताओं को बिहाई कर लोग आशीर्वाद लिए। बाहर से आए देवी देवताओं को पान सुपारी श्रीफल भेंटकर सह सम्मान विदाई दी गई। क्षेत्र में सबसे बड़ा मड़ाई महोत्सव बन गया है इस बार दो दिवसीय मेला महोत्सव का आयोजन जागृति नवयुवक मंडल के सभी सदस्यगण ने किया गया था। प्रथम दिवस के दिन रात्रिकालीन कार्यक्रम गवई के हीरा नाचा पार्टी जेवरा का कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

### मड़ई का इतिहास सैकड़ों वर्ष पुराना

दूसरा दिन समापन के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक जनक राम ध्रुव मड़ाई मेला में पहुंचकर देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर गांव सहित क्षेत्र सुख शांति समृद्धि की कामना की गई। समापन के कड़ी में रात्रिकालीन कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य केशरी नोहर ध्रुव, नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चन्द्राकार, जनपद सदस्य हेमलता ध्रुव सहित सभी आमंत्रित अतिथिगण उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केशरी ध्रुव ने कहा कि मड़ाई मेलों की आवश्यकता व महत्व पर सारगर्भित देते हुए कहा हमारे क्षेत्र में मड़ई का इतिहास सैकड़ों वर्ष पुराना है। खोमन चन्द्राकार अपने उद्बोधन में कहा कि मडई हमारी संस्कृति की विरासत है, जिसे हम एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित करते हुए चले आ रहे हैं। रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोक सरगम आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसमें हजारों की संख्या में आस-पास के लोग कार्यक्रम की गुलाबी ठंड में आनंद लिया गया। यहां आयोजन शांति पूर्ण संपन्न होने पर समस्त ग्रामवासीयों ने सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर ग्राम पटेल लोकराम यादव, ग्राम प्रमुख दूखूराम यादव, उपसरपंच परमेश्वर यादव, कमलेश्वर नायक, संतराम नेताम, भावसिह मरकाम,सै. चिराग अली, देवलाल बारिक, वेदव्यास निषाद, रामायण ठाकुर, सगुन दास, नंदूदास मानिकपुर, शंकरलाल कुर्रे, शिवशंकर जयसवाल, भागवत कोमर्रा, कचरू निषाद, धरम यादव, चमन लाल यादव, खेमचंद, सहित आस-पास क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और ग्राम प्रमुख उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 30 अप्रैल से 13 मई 2025
03 मई से 16 मई 2025, 08 मई से 21 मई 2025
11 मई से 24 मई 2025, 14 मई से 27 मई 2025,
19 मई से 01 जून 2025, 22 मई से 04 जून 2025,
25 मई से 07 जून 2025, 30 मई से 12 जून 2025,
02 जून से 15 जून 2025, 05 जून से 18 जून 2025,
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैंकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशि:-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport